हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, जून 15, 2024

11 लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



12 सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान



## खबर संक्षेप

### पेलपा में एक व्यक्ति ने फंदा लगा कर जान दी

**बहादुरगढ़।** गांव पेलपा में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। मृतक की पहचान करीब 37 वर्षीय जसबीर के रूप में हुई है। रात के वक्त परिजनों की नजर पड़ी तो वह फंदे पर लटका हुआ था। जब तक उसे संभालते देर हो चुकी थी। अस्पताल में मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर बादली से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव सौंप दिया गया।

### सांय चली आंधी ने दी गर्मी से आंशिक राहत

**झज्जर।** शुक्रवार को भी गर्मी ने खूब रंग दिखाया। दिनभर लोग चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण परेशान रहे। लेकिन सांय ढलते ही एकाएक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में छाए काले बादलों के बीच धूल भरी आंधी चलने लगी। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। उधर, तेज आंधी के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल रही।

### अघोषित कटौती से बढ़ी परेशानी

**बहादुरगढ़।** भीषण गर्मी के बीच शहर की विभिन्न कॉलोनियों में अघोषित बिजली कटौती और फ्यूज उड़ने की घटनाओं से नगरवासी परेशान हैं। यशपाल हिंदुस्तानी ने बताया कि बॉम्बे वाली गली, बौड़ा कुआं, वाल्मीकि कॉलोनी, भगतों वाली गली आदि इलाकों में लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है। पिछले एक महीने से यहां बिजली के अघोषित कट लगाए जा रहे हैं।

### परशुराम मंदिर में भंडारा कल

**बहादुरगढ़।** गंगा दशहरा व भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नई सब्जी मंडी के नजदीक स्थित भगवान परशुराम मंदिर (ट्रस्ट) में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 16 जून की सुबह हवन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 12 बजे भंडारा शुरू होगा।

# एनहांसमेंट वसूलने की बजाय 59 एकड़ जमीन की कीमत एडजस्ट करे हशविप्रा

हरिभूमि न्यूज:बहादुरगढ़

रेजिडेंट वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी ने हरियाणा शहरी संपदा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर सेक्टर-9 ए बहादुरगढ़ के प्लॉट धारकों से ईसी-2 (एनहांसमेंट) की जबरन और अनुचित वसूली की शिकायत की है। विदित है कि ताजा आदेशों के अनुसार सेक्टर-2 में 2462 प्लॉट धारकों को 1671.73 रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से एनहांसमेंट देना होगा। जबकि सेक्टर-9 में लगभग 1550 और सेक्टर-9ए में करीब 2200 प्लॉट धारकों को 1471.85 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से एनहांसमेंट राशि चुकानी होगी।

- रेजिडेंट वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी ने हरियाणा शहरी संपदा विभाग को पत्र लिखकर वसूली नोटिसों को ठहराया अनुचित




बहादुरगढ़। सेक्टर-9 की भूमि पर बने डीएमआरसी के फ्लैट्स।

सोसायटी के महासचिव खेमचंद लोहचब और कार्यकारिणी सदस्य राज सिंह सहरावत के अनुसार सेक्टर-9/9ए में प्लॉट लेने वालों ने उस जमीन की कीमत भी चुकाई थी, जिसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दे दिया है। इसकी कीमत करीब 19 करोड़ रुपए बनती है। पहली एनहांसमेंट के रूप में वर्ष-2018 में 724 रुपए प्रति वर्ग मीटर अनुचित रूप से वसूले जा चुके हैं। और अब दूसरी एनहांसमेंट के रूप में 1471 रुपए प्रति वर्ग मीटर की मांग की जा रही है। सरकार इसे एडजस्ट करे। हरियाणा सरकार द्वारा गठित की गई तीन जजों की कमेटी भी इसे हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी एक्ट की धारा-15 का उल्लंघन मान चुकी है। उन्होंने एनहांसमेंट राशि का भार रेजिडेंट्स पर ही डालने को अवैधानिक करार दिया। उनके अनुसार ईसी-1 की गणना पूरी तरह से गलत थी। दोनों सेक्टर एक ही हैं। एचएसवीपी की केंद्रीय लेखा परीक्षक कंपनी ने ईसी-1 की जांच के दौरान पाया कि एडीजे कोर्ट के लिए यह 48.56 रुपए तथा हाईकोर्ट के लिए 271.67 रुपए बनता है। जबकि ईसी-1 के तहत अधिक राशि वसूली गई। लोहचब व सहरावत ने बताया कि यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। एचएसवीपी ने जून-2022 के दौरान एनहांसमेंट वसूली नोटिस जारी किए थे। प्लॉट आवंटियों की आपत्ति के बाद वसूली प्रक्रिया रोक दी गई थी। लेकिन अब एचएसवीपी ने दोबारा रिकवरी नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। उन्होंने एनहांसमेंट वसूली की प्रक्रिया तुरंत बंद करने की मांग करते हुए 59 एकड़ जमीन की कीमत एडजस्ट करने की मांग की है।



खेमचंद लोहचब



राज सिंह सहरावत

### एकड़ में 2114 गज प्लॉटिंग

प्राधिकरण द्वारा 436.23 एकड़ एरिया पर प्लॉनिंग की गई। इसमें 33.25 एकड़ भू-भाग कमर्शियल तय हुई। शेष बचे 402.98 एकड़ में से 166.6 एकड़ पर प्लॉटिंग की गई। जबकि हाउसिंग बोर्ड के लिए 9.10 एकड़ जगह निर्धारित हुई। वहीं 0.31 एकड़ जमीन नर्सिंग होम व क्लीनिक के लिए आरक्षित की गई। इस तरह कुल 402.98 एकड़ में से 43.68 प्रतिशत अर्थात 176.01 एकड़ जमीन बिक्री के लिए तय हुई। इस तरह औसत एक एकड़ से 2114 वर्ग गज भूमि पर प्लॉटिंग होना तय हुआ।

### 1927 रुपए गत की लागत

हशविप्रा की गणना के अनुसार प्रति एकड़ जमीन खरीदने से लेकर विकसित करने पर कुल लागत 38 लाख 3 हजार 997 रुपए आई थी। इस तरह करीब 1800 रुपए प्रति वर्ग गज का खर्च आया। इसमें ईडब्ल्यूएस के प्लॉटों में होने वाले प्रति गज 76.55 रुपए के नुकसान व सरकार के 50 रुपए प्रति वर्ग गज विकास शुल्क को जोड़ने पर 1927 रुपए प्रति गज की लागत आई। रेजिडेंट्स ने नॉन सेलेबल लैंड अर्थात सड़क, पार्क, ग्रीन बेल्ट आदि जमीन की कीमत का भुगतान भी प्राधिकरण को किया था।

### फिर दे दी 59 एकड़ भूमि

अधिग्रहण राशि को लेकर जमींदारों द्वारा सेशन कोर्ट, हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में किए मुकदमों की सुनवाई के दौरान अदालतों द्वारा बढ़ाई गई मुआवजा राशि भी रेजिडेंट्स से एनहांसमेंट के रूप में वसूली जा रही है। जबकि प्राधिकरण ने इस जमीन में से 12 हेक्टेयर अर्थात 30 एकड़ भूमि वर्ष 2013 में डीएमआरसीएल को मेट्रो यार्ड के लिए दे दी। इसके अलावा करीब 29 एकड़ जमीन एनएचएआई को हाईवे (बाईपास) बनाने के लिए बेच दी।

# पिस्तौल के बल पर पेट्रोल पंप पर लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मातन स्थित एक पेट्रोल पंप पर बीती रात को लूटपाट की वारदात हो गई। नकाबपोश तीन बदमाश यहां आए और पिस्तौल के बल पर सेल्समैन से रुपये लूट ले गए। विरोध करने पर एक सेल्समैन को रॉड मारकर घायल कर गए। मांडोठी चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- मातन स्थित एक पेट्रोल पंप पर बृहस्पतिवार की रात में हुई वारदात



वारदात वीरवार की रात की है। पुलिस को दी शिकायत में छारा के निवासी अजय का कहना है कि वह मातन में स्थित उज्ज्वल एसकेएस पेट्रोल पंप पर बतौर सेल्समैन कार्यरत है।

वीरवार की रात को वह और उसका साथी प्रवीण ड्यूटी पर थे। करीब दस बजे खाना खा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन युवक वहां आए। तीनों ने कपड़े से अपने चेहरे छिपा रखे थे। आते ही उन्होंने हम पर पिस्तौल तान दी और प्रवीण की जेब से तीन-चार हजार रुपये की नकदी निकाल ली। फिर उन्होंने लोहे की रॉड से मेरे सिर पर हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद वे भाग गए। इसके बाद उन्होंने पंप मालिक और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। लुटेरों की तलाश में पुलिस की टीमें रातभर भागदौड़ करती रही लेकिन उनका कुछ सुराग नहीं लगा। अजय की शिकायत पर फिलहाल अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले में जांच चल रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

# जिले में 44 खेल नर्सरियों को मिली मंजूरी

## ऑनलाइन डाटा अपडेट होते ही शुरू हो जाएंगी खेल नर्सरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

खेल निदेशालय द्वारा लंबे इंतजार के बाद खेल नर्सरियों की सूची जारी कर दी गई है। विभागीय स्तर पर जारी की गई सूची में जिला झज्जर में 44 खेल नर्सरियां शुरू करने की मंजूरी मिली है। विभागीय आदेशों के अनुसार यह नर्सरियां 15 जून यानि शनिवार से शुरू कर दी जाएंगी। लेकिन जिलेस्तर पर मिली जानकारी के अनुसार पहले इन नर्सरियों का डाटा ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा। इसके बाद ही नर्सरियां शुरू करने की जाएंगी। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है। ऑनलाइन डाटा अपडेट होते ही नर्सरियां धरातल पर कार्य करना शुरू कर देंगी।

प्रत्येक नर्सरी पर 25 खिलाड़ियों को मिलेगा स्थानः प्रत्येक खेल नर्सरी पर 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिसमें 8 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 15 सौ रुपये और 15 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये प्रतिमाह स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की जाएगी।



झज्जर। महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में अभ्यास करते हुए खिलाड़ी।

### इन स्थानों पर खुलेंगी नर्सरियां

एथलेटिक्स की भिंडावास जन शक्ति युवा क्लब, गोगापीर युवा क्लब खानपुर कलां, जीएमएसएसएस लडायन, ग्राम पंचायत साल्हावास में, फुटबाल की जीएसएसएस बादली, ग्राम पंचायत लोवा खुर्द, डाबौदा कला, राजीव गांधी खेल परिसर दुल्हेड़ा में, बैडमिंटन की शाईनिंग स्टार एकेडमी, बास्केटबाल में जीएसएसएस छारा, द्रोणाचार्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल मुबारिकपुर, बॉक्सिंग की अहलावत बॉक्सिंग क्लब में, हैंडबाल की ग्राम पंचायत साल्हावास, एचडी स्कूल साल्हावास, जूडो में ग्राम पंचायत डीघल, कबड्डी की सीआर स्कूल कासनी, नेटबॉल की जीएसएसएस धांधलान व एसएफएस बिरधाना में, शूटिंग की दा ओलम्पियाड शूटिंग स्पोटर्स एकेडमी झज्जर में, सॉफ्टबॉल की आर्मी हाई स्कूल ढाकला में, स्वीमिंग की चैंपियन एक्यूटिक एकेडमी में, वॉलबाल की एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ और कुश्ती की युवा स्पोटर्स क्लब, कृष्ण अखाड़ा खानपुर खुर्द, हवासिंह दलाल अखाड़ा, बाबा सदानाथ अखाड़ा लडरावन, लाला दीवानचंद मॉडर्न रेसलिंग व योगा सेंटर, हिंद केसरी सोनू पहलवान रेसलिंग स्पोर्टस क्लब, बाबा पीर अखाड़ा सिलाना, जयवीर अखाड़ा बुपनियां, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लव कुश अखाड़ा समिति, दादा बूढ़ा अखाड़ा खेल समिति, सत साहेब कुश्ती क्लब कासनी, जय हनुमान रेसलिंग अखाड़ा समिति हसनपुर, पवन शास्त्री कुश्ती व्यायामशाला झज्जर, गुरूकुल महाविद्यालय झज्जर, दादा खंदरा कुश्ती एकेडमी ट्रस्ट सिलानी, अशोक पहलवान रेसलिंग एकेडमी डीघल, संत शिरोमणि बाबा हरिदास समिति, सतपाल पहलवान कुश्ती क्लब समिति, देवेंद जून कुश्ती अखाड़ा समिति लोवा खुर्द, चौधरी छोटूराम व्यायामशाला समिति खेडीजट्ट में, वुशू की जयनेसीसी पब्लिक स्कूल हसनपुर व जीएसएस दुजाना में खोली जाएंगी।

### इन खेलों की मिली नर्सरियां

एथलेक्टिस की चार, बैडमिंटन की एक, बास्केटबाल की दो, बॉक्सिंग की एक, फुटबाल की चार, हैंडबाल की दो, जूडो की एक, कबड्डी की एक, नेटबॉल की एक, शूटिंग बॉल की एक, सॉफ्टबॉल की एक, तैराकी की एक, वॉलीबाल की एक, कुश्ती की 22, वुशू की दो शामिल है।

# पिता की याद में लगवाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तेज गर्मी में लोगों को प्यास राहत दिलाने के लिए शहर के अखबार विक्रेता मनोज भाटिया ने अपने स्वर्गीय पिता जयचंद भाटिया की स्मृति में वाटर कूलर स्थापित कर अपने पिता को नमन किया। मनोज भाटिया ने बताया कि उनके पिता की इच्छा थी कि वे लोगों की सहायतार्थ वाटर कूलर लगाए। उनके जीते जी यह सपना पूरा नहीं हो पाया था। इसके बाद उन्होंने उनकी अंतिम इच्छा पूरी करते हुए वाटर कूलर लगवाने का फैसला लिया था। उन्होंने शहर के अंबेडकर चौक स्थित टाउन पार्क के नजदीक सति भाई साईदास सेवादल सदस्यों के साथ सहयोग करते हुए अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी की। मनोज भाटिया ने बताया कि उनके पिता जयचंद भाटिया ने करीब 52 वर्षों तक अखबार वितरण का कार्य किया। लोगों के घरों में समय पर अखबार पहुंचाना उनकी खूबियों में शामिल था। बीमारी के कारण उनका आकस्मिक निधन हो गया था। इस दौरान मनोज की माता अनिता रानी, बेटा शिवम भाटिया भी मौजूद रहे।

- पिता की अंतिम इच्छा पूरी की



झज्जर। टाउन पार्क के नजदीक स्थापित किए गए वाटर कूलर के साथ मनोज भाटिया व अनीता रानी।

# लाइन ट्रिप होने से बिजली निगम परिसर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार की सायं करीब सवा छह बजे बिजली निगम सर्कल कार्यालय परिसर में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट बताया जा रहा है। बिजली कंपलेंट ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों ने जब धुआं उठते देखा तो इसकी सूचना अपने अधिकारियों व फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर समय रहते काबू पा लिया। गणीमत यह रहा कि आग बिजली कंपलेंट ऑफिस के पीछे खडे. झांड-झखंड में लगी। यदि समय रहते आग पर काबू पाया नहीं पाया जाता तो आग साथ पड़े बिजली केबल के बंडलों में भी लग सकती थी। सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी शमशेर सिंह, शहर थाना प्रभारी बलदेव भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी आग बुझाने में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की मदद की। एसीपी शमशेर सिंह ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया है अन्यथा यह भयावह रूप धारण कर सकती थी। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि उन्हें करीब साढे. छह बजे आग लगने की सूचना मिली थी। लाइन ट्रिप होने के कारण झाड़-झखंड में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है।

- फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने समय रहते पाया आग पर काबू



झज्जर। बिजली निगम परिसर में लगी आग को बुझाते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# दोबारा परीक्षा देने को तैयार ग्रेस मार्क्स पाने वाले परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 5 मई को मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था। बहादुरगढ़ में भी तीन स्कूलों में यह परीक्षा हुई थी। इनमें से एक स्कूल में परीक्षा देने वाले पांच लड़कों और एक लड़की ने 720 में से 720 अंक हासिल कर इतिहास रच दिया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद अब इन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा देनी होगी। इनमें से अधिकांश परीक्षार्थी निराश हैं, बावजूद इसके दोबारा परीक्षा देने के लिए तैयार हैं। अभिभावकों ने भी एनटीए से व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया है।

- बिना गलती के ही परेशानी झेल रहे परीक्षार्थी, एनटीए से व्यवस्था में सुधार लाने का अनुरोध

बता दें कि इस साल 23 लाख अभ्यर्थियों ने नीट-यूजी के लिए पंजीकरण कराया था। लेकिन 67 परीक्षार्थियों ने 720 अंक प्राप्त कर सभी को चौंका दिया। दरअसल, इनके समेत 1563 परीक्षार्थियों के प्राप्त अंकों में अधिकतम 140 अंकों की वृद्धि की गई थी। चूंकि बहादुरगढ़ समेत देशभर के 6 परीक्षा केंद्रों पर गलत प्रश्नपत्र सैट के वितरण समेत विभिन्न कारणों से हुई देरी के चलते परीक्षार्थियों ने समय की बर्बादी की शिकायत की थी। उनका आरोप था कि परीक्षा लिखने के लिए उन्हें 3 घंटे 20 मिनट का पूरा समय नहीं मिला। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने वर्ष-2018 में क्लैट परीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले द्वारा स्थापित फॉर्मूले के आधार पर छात्रों की उत्तर देने की दक्षता और बर्बाद हुए समय के आधार पर अनुग्रह अंक दिए। ग्रेस मार्क्स के बाद 1563 उम्मीदवारों के कुल अंक बढ़ गए। हरदयाल पब्लिक स्कूल में परीक्षा देने वाले छह विद्यार्थी भी टॉपरों में शामिल थे। लेकिन उनकी खुशी पर अब चिंता के बादल छा गए हैं। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 1563 परीक्षार्थियों के ग्रेस मार्क्स को खत्म करने और दोबारा परीक्षा लेने के निर्देश दिए हैं।

### परीक्षार्थियों की पीड़ा

गांव चमनपुरा निवासी अंजली ने बताया कि उसने हरदयाल स्कूल में परीक्षा दी थी और उसे 720 अंक मिले थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कुछ निराशा तो है, लेकिन दोबारा से परीक्षा देने का तैयार हैं। सब कुछ भूल कर फिर तैयारी में जुटे हैं। ग्रेस मार्क्स की बजाय अपने बूते अंक हासिल करेंगे। गांव गुढा निवासी यश कटारिया ने बताया कि हरदयाल स्कूल में दी नीट परीक्षा में उसे 718 अंक मिले थे। गलती हमारी नहीं है, फिर भी तनाव झेलना पड़ा। हमें पहले गलत पेपर मिला, फिर गुहार लगाई तो ग्रेस मार्क्स मिले। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोबारा पेपर देने की तैयारी कर रहे हैं।

!!!!!!!!!!!!!!!! सब्जी की कीमतों में आया उछाल

# महंगे हुए आलू, टमाटर व प्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दिनों दिन बढ़ती जा रही गर्मी के साथ अब सब्जियों की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पिछले कुछ दिन पहले तक मात्र दस रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाला टमाटर जहां तीस रुपये प्रति किलोग्राम तक जा पहुंचा है वहीं आम दिनों में दस रुपये से भी कम कीमत पर मिलने वाला आलू तीस रुपये तथा एक सौ रुपये की पांच किलोग्राम मिलने वाली प्याज का रेट अब चालीस रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। सब्जी विक्रेता करण व सुमोध ने बताया कि इसके अलावा नींबू जहां 120 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है वहीं अदरक भी 160 रुपये किलोग्राम से 240 रुपये प्रति किलोतक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि यदि बरसात होती है तो प्याज के दामों में और भी उछाल आ सकता है। लहसुन भी 200 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की कीमतों में बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि ये रेट तो सब्जी मंडी में है जबकि दुकानों पर इनके दामों में पांच से दस रुपये तक की वृद्धि और भी हो सकती है।



झज्जर। सब्जी मंडी में आलू व प्याज खरीदते हुए महिला। फोटो : हरिभूमि

### सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम रुपये प्रति किलो

| सब्जी का नाम | रुपये प्रति किलो |
| --- | --- |
| टमाटर | -30 |
| प्याज | -40 |
| आलू | -30 |
| तौरी | -20 से 30 |
| भिंडी | -50 |
| टिंडा | -50 |
| पेठा | -20 |
| खीरा | -40 |
| मिर्च | -60 |
| पौदीना | -10 रुपये जूटी |
| धनिया | -150 |
| तरबूज | -20-25 |
| खरबूजा | -50 से 60 |
| कचरी | -20 |
| करेला | -30 |
| बैंगन | -20 से 30 |

# सड़क किनारे लगे वॉल्व पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-2, सेक्टर-6 व हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-7 में पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए वॉल्व बदलने के कार्य पर चेयरपर्सन सरोज राठी के प्रतिनिधि रमेश राठी ने सवाल उठाए। प्राधिकरण द्वारा लगभग 32 लाख रुपए की लागत से वॉल्व बदले गए हैं। सेक्टर-2 जलघर के सामने रोड के साथ ही मशीन मोटर व वॉल्व लगा दी गई है।

- प्राधिकरण द्वारा लगभग 32 लाख की लागत से वॉल्व बदले गए हैं

रमेश राठी ने कहा कि सड़क पर ही ढांचा बनाकर मोटर व वॉल्व लगा दिए गए हैं। जिस कारण यहां जान-माल की हानि का अंदेशा हमेशा बना रहता है। वॉल्व में लीकेज होने की वजह से इसके अंदर पानी भरा हुआ है, जिसके चलते लाखों रुपए की मशीन मोटर भी खराब होने का अंदेशा बना हुआ है। उन्होंने मोटर तथा वॉल्व परिसर के भीतर शिफ्ट करने का आग्रह किया है। साथ ही ऐसे काम के लिए जिम्मेदार अधिकारी की कार्यकुशलता पर भी सवाल उठाए।



बहादुरगढ़। पानी में डूबी हुई मोटर व वॉल्व दिखाते रमेश राठी। फोटो : हरिभूमि



घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।





मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।



# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफकि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

### वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।



## क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चों और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

## कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

## महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



## फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

## कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



## कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

## कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

## फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स, क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

---

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

## देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



झज्जर। श्रीश्याम बाबा के वार्षिकोत्सव की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु।

### श्रीश्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा आज

**झज्जर।** अंबेडकर चौक स्थित श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर में शनिवार को वार्षिकोत्सव के दौरान जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति प्रधान पंडित सुभाष दीवान ने बताया कि शाम सात बजे से रात्रि दस बजे तक भंडारा तथा शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक जागरण का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवक आजाद दीवान ने बताया कि वार्षिकोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस मौके पर बृजमोहन कौशिक, मनोज दीवान, भारत दीवान, मनोज कौशिक, कृष्ण पहलवान, सोमवीर अत्रि, बालकिशन उर्फ बाले, रवि राजस्थानी, नीरज भगतजी, दिनेश सिंगला, दिनेश प्रजापत, मोनू भगत, दिन्ना हलवाई, तुषार मोंटी रविंद्र सैनी, वेद सैनी, जगदीश, मदन, उमाशंकर वशिष्ठ, कुलदीप डबास, सूबे हरित, प्रवीण डबास, सुनील सैनी आदि मौजूद रहे।


## सफाई कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे

# लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

■ सरकार व नगर निगम आयुक्त के साथ हुए समझौतों को लागू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अपनी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़ की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारी सुबह करीब ग्यारह बजे लघु सचिवालय परिसर के गेट पर एकत्रित हुए। इसके बाद वे प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय के परिसर पहुंचे। यूनियन के इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल ने बताया कि इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य राजपाल, गौरव, विनोद, जितेंद्र, हरिओम, दुष्यंत, मनीषा, किरण, शीतल, रानो सहित अन्य भी मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व में हुए समझौतों के अनुसार किए गए वायदों को सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया जबकि सरकार द्वारा दस वर्ष पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में ही सफाई कर्मियों व सीवरेज कर्मचारियों को ठेका प्रथा समाप्त कर उनकी नियमित भर्ती किए जाने की बात कही थी। इसके अलावा गुरुग्राम में 3480 कर्मचारी वर्ष 2020 से सितंबर 2023 तक मैन पावर के ठेकों पर कार्य रहे थे। सरकार द्वारा उन ठेकों को समाप्त कर वर्क आउटसोर्स का ठेका कर दिया जिसके चलते नए ठेकेदारों ने उन कर्मचारियों की नौकरी से निकाल दिया। छंटनीग्रस्त कर्मचारियों के समर्थन में जब अनुबंधित व ग्रामीण सफाई कर्मचारी आंदोलन पर गए तो उनमें से सभी 26 सफाई कर्मचारियों को बरखास्त कर दिया जो न्याय के विरुद्ध है। कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन में निकाय मंत्री से अपील की गई है कि वह संघ, सरकार व नगर निगम आयुक्त के साथ हुए समझौतों को लागू कराए तथा मांगपत्र पर वार्ता के लिए समय तथा स्थान तय करके संघ को अवगत कराए।



झज्जर। प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# महिला थाने में सुलझाए घरेलू विवाद के मामले

## पति-पत्नी के बीच कराई सुलह



झज्जर। महिला थाना में शिकायत सुनते हुए महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने जिला कारागार और महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायत लेकर पहुंची महिला शिकायतकर्ताओं की बात सुनते हुए थाना प्रबंधक को मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक मामले में सुनवाई करते हुए उन्होंने पति-पत्नी को निर्देश दिए कि वह अपने दो बच्चों में से एक-एक बच्चे का पालन-पोषण करे। दोनों के बीच विवाद चल रहा है व पुलिस द्वारा मध्यस्थता की जा रही है। बाद में उन्होंने जेल की बैरकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। जेल अधिकारियों को खाना पकाने में साफ-सफाई का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल में फिलहाल कोई महिला बंदी व कैदी नहीं है, जेल में निर्माण कार्य होने की वजह से महिला बंदियों व कैदियों को रोहतक जिला जेल में स्थानांतरित किया गया है।



झज्जर। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत।

### युवाओं को दिलाई नशा न करने की शपथ

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत क्षेत्र के गांव याकूबपुर में युवाओं व ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया और नशा न करने की शपथ दिलाई। सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि नशा करने से भविष्य के साथ-साथ परिवार भी बर्बाद हो जाता है। नशा ही अपराध की जड़ है, इसलिए नशे से दूर रहे और अपने आसपास क्षेत्र के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है या नशे की सप्लाई करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस द्वारा जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

# योग संगोष्ठी में विस्तार से योग के महत्व के बारे में चर्चा होगी

■ डीसी ने योग दिवस की तैयारियों को अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रोडवेज वर्कशाप परिसर में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का प्रोटोकॉल के साथ आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी-अपनी विभागीय तैयारी समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य सुधार की दिशा में सार्थक रूप से प्रेरणादायी और अनुकरणीय रहे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सुबह योग सत्र होगा व इसके बाद शाम के समय योग संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। योग संगोष्ठी में विस्तार से योग के महत्व के बारे में चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य योग के महत्व को जन जन तक पहुंचाना है ताकि इसके प्रति अधिक से अधिक लोग जागरूक होते हुए अपने जीवन को स्वस्थ बनाएं। उन्होंने बताया कि 19 जून को योग दिवस के मद्देनजर रिहर्सल होगी।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

### बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध : सीजेएम

**झज्जर।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अरविंद कुमार बंसल के मार्गदर्शन में सहायक श्रम आयुक्त व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विश्व बाल श्रम दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव जहांगीरपुर स्थित ईंट भट्ठों पर श्रमिकों को बताया गया कि बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध है। हर बच्चा जिसकी उम्र 6 वर्ष से 14 वर्ष तक है, उसे निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। हर नागरिक का दायित्व है वह बच्चों को गुणवतापरक शिक्षा दिलाने का कार्य करें,क्योंकि शिक्षित बच्चा ही देश का भविष्य है। इस मौके पर लेबर इंस्पेक्टर रोशन, कुलदीप, अनिल कुमार, ऋतुरानी, प्रवीण कुमार, कर्मजीत छिल्लर,संजू कादियान मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



झज्जर। शिविर के दौरान उपस्थित चालक, पुलिसकर्मी एवं चिकित्सकीय टीम।

### नेत्र जांच शिविर में 53 चालकों ने करवाई जांच

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा नए बस स्टैंड परिसर में चालकों की आंखों की जांच के लिए विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि जिसमें करीब 53 चालकों की आंखों की जांच की गई और कमी पाए जाने पर दवाईयां भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि नेत्र जांच शिविर लगवाने का मुख्य उद्धेश्य यातायात दुर्घटनाओं को रोकना है। इस दौरान यातायात प्रभारी नरेश सिंधु, यातायात समन्वयक सत्यवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### मातन में निकाली योग जागरण यात्रा



बहादुरगढ़। गांव मातन में योग जागरण यात्रा निकालते बच्चे व अन्य।

बहादुरगढ़। शुक्रवार को गांव मातन में योग जागरण यात्रा निकाली गई। साथ ही योग शिक्षिका सुनीता ने बच्चों व ग्रामीणों को योगाभ्यास भी करवाया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सदस्य चिराग ने भी ग्रामीणों से योग अपनाने का आह्वान किया। योग शिक्षिका सुनीता ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए माताओं-बहनों की बड़ी भूमिका है। यह योग के माध्यम से दो कुलों को प्रकाशित कर सकती हैं। योग स्थल पर सभी ने योग प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार शरीर में नाभि ऊर्जा का केंद्र है। उसी प्रकार से योगमय जीवन पूरे समाज की ऊर्जा का केंद्र है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली थी कि एक युवक कुलासी की तरफ से कानोंदा की ओर आ रहा है। उसके पास हथियार है। इस सूचना पर पुलिस ने कानोंदा में शक के आधार पर एक युवक को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। पहले भी सदर थाने में आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज है। मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है।

### टावर के पार्ट्स चोरी

**बहादुरगढ़।** मोबाइल कंपनियों के टावर भी चोरों के निशाने पर हैं। अब बहादुरगढ़ के लाइनपार में वारदात हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। दहकोरा के निवासी मनीष का कहना है कि वह एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर हैं। हम इंडस कंपनी के टावरों की सुरक्षा करते हैं। लाइनपार के पटेल पार्क में इंडस कंपनी का एक टावर है। गत 12 जून की रात को टावर की सर्विस डाउन हो गई। जब हमें सूचना मिली तो मौके पर गए। देखा तो टावर का बीबीयू गायब था। इसके बाद अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे गया है। इससे कंपनी को आर्थिक हानि तो हुई ही, उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। उधर, लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रॉले की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

धारूहेड़ा। मालपुरा के निकट सड़क किनारे चल रहा एक व्यक्ति ट्रॉले की चपेट में आकर घायल हो गया। राजस्थान के आमोठ निवासी रामसिंह कंपनी में काम करता है। वह मालपुरा गांव में ही किराए के मकान में रहता है। रामसिंह किसी काम से भगतसिंह चौक की ओर जाने के लिए निकला था। रास्ते में एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

# अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

■ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा साल्हावास थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साल्हावास

जिला पुलिस द्वारा आपराधिक मामलों में लिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा साल्हावास थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। जिसमें मनजीत पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव मोहनबाड़ी ने अपने गांव में अवैध कब्जा करके अवैध संपत्ति बना रखी थी। जिस पर पीला पंजा चलाया गया। आरोपी पर हत्या सहित चार अन्य मामले दर्ज हैं। डीसीपी डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि अपराधिक किस्म के व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है और जिन्होंने गलत तरीके से अवैध संपत्ति बनाई है उनके खिलाफ समय-समय पर नियमानुसार प्रशासन और पुलिस द्वारा कार्रवाई जाएगी।



झज्जर। अवैध कब्जे पर चलता हुआ पीला पंजा। फोटो :हरिभूमि

# मुख्य सचिव ने की समाधान शिविर शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों की वीसी के माध्यम से समीक्षा की और अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि प्रतिदिन इन शिविरों में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, नगर निगम अथवा नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहते हैं। सरकारी विभागों से संबंधित जो भी समस्याएं संज्ञान में आती हैं, उनका हर हाल में समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।



झज्जर। वीसी के माध्यम से बैठक अटेंड करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

# एसडीएम ने किया 29 समस्याओं का निपटारा



बेरी। समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रविंद्र मलिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

■ अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए

शुक्रवार को एसडीएम रविंद्र मलिक ने समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, राजस्व,लाल डोरा भूमि, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्याएं रखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ये शिविर समस्याओं के समाधान में काफी कारगर साबित होंगे, क्योंकि एक ही समय में सभी अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहेंगे जिससे की समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में 29 समस्याओं का निपटारा किया गया।

### यूजीसी नेट एग्जाम के कारण 18 की बजाय 23 जून को होगा इग्नू का एग्जाम

**झज्जर।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉक्टर धर्मपाल ने बताया कि इग्नू की जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं अभी चल रही है जो कि 15 जुलाई 2024 तक चलेंगी क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पूरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है। 18 जून को होने वाली इग्नू की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है, क्यूंकि 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून 2024 को कर दिया गया है।

### लोगों को गन्ने का रस पिलाया

**बहादुरगढ़।** गर्मी के इस मौसम में जगह-जगह ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाई जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नजफगढ़ रोड पर नीलकंठ प्रॉपर्टीज की ओर से गन्ने के रस की छबील व भंडारे का आयोजन किया गया। काफी लोगों ने जहां गन्ने का रस पीया तो पीया तो वहीं भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सोनू रोहिल्ला, सुनील वशिष्ठ, देवेंद्र, भविष्य सहरावत, हर्ष कुमार, रितिक सहरावत, यश डागर, अजय दूबे, भानू रोहिल्ला, जितेंद्र मोटा, लक्ष्य सहरावत, निकुंज रोहिल्ला, सुनील रोहिल्ला, अमित, अतुल, सुनील कुमार, लक्ष्य कौशिक, संदीप कुमार आदि का इस आयोजन में सहयोग रहा।



बहादुरगढ़। लोगों को ठंडा मीठा गन्ने का रस पिलाते युवा।

# लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने उठाई आवाज

■ मांगों में उचित कदम नहीं उठाया गया तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को अपनी सस्थांओं पर एकत्रित होकर लंबित मांगे पूरी कराने के लिए आवाज उठाई। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला प्रधान डॉक्टर अरूण ने बताया कि सातवें वेतनमान को लागू करना, अन्य राज्यों की तर्ज पर एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करना, वेतनमान सशोंधन व अन्य लंबित मांगों को को लेकर आगामी 20 जून को उनका महाप्रतिनिधि मंडल वार्तालाप के लिए मिशन निदेशक राज्य मुख्यालय पंचकूला से मिलने जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों में कोई उचित कदम नहीं उठाया गया तो संगठन द्वारा बड़े आंदोलन का आगाज किया जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान अमरजीत, सलाहकार संजय, पूनम, आचार्य बलदेव, अंजू, नीतू, सुनीता, सोनू, कविता व मीनाक्षी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। स्थानीय नागरिक अस्पताल के गेट पर एकत्रित एनएचएम कर्मचारी।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार दो घायल

**कसोला।** संगवाड़ी के पास एक ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चचेरे भाई घायल हो गए। लिसाना निवासी दिवान सिंह अपने चाचा के लड़क सोमवीर के साथ कार में धारूहेड़ा से घर लौट रहा था। संगवाड़ी के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार क्षमितग्रस्त हो गई। वह दोनों घायल हो गए।

**NOTICE**

I, Renu D/o Sh. Jagdish Prasad, W/o Gaurav Kumar R/o H.No. 22/243 Gali No. 4 Mahavir Park Bahadurgarh Distt. Jhajjar-124507 Haryana declare that Renu alias Renu Rohilla is one and same person. I shall abid by all the terms and conditions framed by the department from time to time.

## खबर संक्षेप



### गौतम ने दी सांद दीपेंद्र हुड्डा को बधाई

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस प्रवक्ता नीरज गौतम ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से मिली जीत के बाद दीपेंद्र हुड्डा को बधाई दी। उन्होंने युवा कांग्रेसियों के साथ दीपेंद्र को भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया इस मौके पर धीरज गौतम, हेमंत पंडित, अमन वशिष्ट, विशाल पाराशर, सूरज वत्स, धर्मेंद्र मुद्गिल, लक्ष्य कौशिक, हर्षित कौशिक, नीरज वशिष्ट, पंडित सौरभ, पवन गौतम, मोनू दलाल, पवन राणा, अंकित, प्रवीण भारद्वाज, अजय लोहचब, मनीष, रवींद्र राठी, सुमित, रोहित पावरिया, सचिन, नरेंद्र, रितिक वत्स, कुणाल, प्रवेश शर्मा, सावन डागर व पंकज जून आदि ने दीपेंद्र को बधाई दी।

### पीपीपी डाटा वेरिफिकेशन के लिए 22 तक होंगे कैंप

**झज्जर।** एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए आगामी 22 जून तक शहरी व ग्रामीण स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में फैमिली आईडी में बच्चे का नाम जुड़वाना, व्यवसाय, डुप्लिकेट मोबाईल नंबर, पिता, माता, पत्नी या पति का नाम ठीक करवाने से कार्य किए जाएंगे।

### अतिथियों ने विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान करने वालों को किया प्रोत्साहित

# रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं, हर व्यक्ति को समाज में अपना योगदान देना चाहिए: रामानंद

- संजीवनी में लगे कैंप में 184 ने स्किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी हॉस्पिटल में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संपाला धाम खेड़का गुर्जर के रामानंद महाराज ने शिरकत की। ब्रह्मशक्ति संजीवनी ब्लड बैंक द्वारा 184 यूनिट रक्त संचय किया गया। अस्पताल निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने आयोजन में सहयोग करने वाली शहर की सामाजिक संस्थाओं का आभार जताया। रामानंद महाराज ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। हर व्यक्ति को समाज में अपना योगदान देना चाहिए। रक्तदान शिविर में जन जागरण समिति, भविष्य सुधार समिति, ब्रह्म सेवा समिति, एचडीएफसी बैंक, भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद, भगत सिंह मैत्री संस्था, एयू बैंक,



बहादुरगढ़। कैंप में रक्तदाता को प्रोत्साहित करते आयोजक व अतिथि।

सार्थक सेवा समिति तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया आदि संस्थाओं ने सहयोग किया।

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय तथा वैश्य आर्य महिला शिक्षण महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने कैंप में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि दुनियाभर में इलाज के दौरान खून की कमी की वजह से हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। रक्तदान जरूरतमंद की जान बचाने का बड़ा जरिया बन जाता है। यह रक्तदाता की सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने कैंप के दौरान 184 यूनिट ब्लड डोनेट करने वाले रक्तदाताओं का आभार जताया।

उन्होंने लोगों के मन में रक्तदान को लेकर व्याप्त कई प्रकार की भ्रांतियों को दूर किया। ब्लड बैंक की प्रबंधक सुमन शर्मा ने बताया कि रक्त केवल मानव शरीर में ही बनता है। उन्होंने रक्तदाताओं के साथ एनिमिया के कारण, लक्षण व बचाव के तरीकों पर चर्चा की।

### बरसात से पहले हो नाले-सीवरों की सफाई

**बहादुरगढ़।** शहर में सड़कों की दशा बेहतर नहीं है और बरसात से पहले सीवर व नालों की सफाई भी बेहद दरकार है। इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए लोग प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार गुहार लगा रहे हैं। अब सेक्टर-9ए के एक जागरूक व्यक्ति ने एसडीएम आफिस में पत्र दिया है। सेक्टर-9 के निवासी अमरजीत का कहना है कि बरसाती सीजन से पहले सभी नाले व सीवर लाइनों की सफाई कर दी जाए ताकि जलभराव की समस्या से कहीं हद तक निजात मिले। इसके अलावा सभी पाकाऱ्ें में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था की जाए, ताकि बरसाती पानी जमीन में जा सके। इलाके में सड़कों की दशा बेहतर नहीं है। बरसाती सीजन में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए बरसात से पहले सड़कों की रिपेयरिंग कराई जाए ताकि हादसे की आशंका कम हो। बहादुरगढ़ में सेक्टर-9 बाईपास पर स्थित नए बस अड्डे के बाहर हादसे की आशंका बनी रहती है। अड्डे से बाहर निकलते ही हाइवे है। लोगों को रोड क्रास करने में दिक्कत होती है। यहां लोगों की सुविधा को देखते हुए फुटओवर ब्रिज की दरकार है।

## जसौरखेड़ी में 10 लाख से बनेगी गली

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र जून ने गांव जसौर खेड़ी में नारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गांव में गर्ल्स स्कूल वाली गली के निर्माण पर 9 लाख 96 हजार रुपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत यह गली बनेगी।

जून ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने सरपंच व ग्रामवासियों से भी गली के निर्माण कार्य पर नजर रखने का आग्रह किया। विधायक ने दावा किया कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और भूपेंद्र हुड्डा तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र, माडू प्रधान, प्रमोद, जय सिंह, प्रेम, नीरज, दीपक, जेना प्रधान व मास्टर बलबीर आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी में ग्राम वासियों के साथ विधायक राजेंद्र सिंह जून।

## फीस बढ़ोतरी व नई शिक्षा नीति का विरोध

- युवा संघर्ष शिक्षा संघ से जुड़े युवाओं ने एसडीएम आफिस में दिया ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी द्वारा की गई फीस बढ़ोतरी से युवाओं में रोष है। शुक्रवार को युवा संघर्ष शिक्षा संघ से जुड़े युवाओं ने बहादुरगढ़ में प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम आफिस में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और एमडीयू के कुलाधिपति के नाम ज्ञापन देकर नई शिक्षा नीति निरस्त करने व फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि युवा शिक्षित नहीं होगा तो देश कैसे विकसित होगा। ये नई शिक्षा नीति और बढ़ती फीस युवाओं के साथ खिलवाड़ है। युवा इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूरे देश में आंदोलन होगा। शीघ्र अति शीघ्र नई शिक्षा नीति निरस्त की जाए। बढ़ाई गई फीस से युवाओं और अभिभावकों पर बोझ बढ़ेगा। फीस की बढ़ोतरी गैर संवैधानिक है। सीईटी की वैकेंसी तुरंत प्रभाव से बहाल की जाए और नीट की परीक्षा पूर्ण रूप से दोबारा कराई जाए। अध्यक्ष शिव अंबेडकर, सुमित टांक, ललित, चहलिया, कुलदीप, कबीर, विकास, नवीन, आशीष, वंश, संदीप बिडलान, सिकंदर, प्रेमजीत, एडवोकेट संदीप, पारस प्रताप, सतबीर व अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। फीस बढ़ोतरी व नई शिक्षा नीति का विरोध जताते युवा।

## ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दो किशोर मुक्त कराए

- आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों किशोर उनके अभिभावकों के हवाले कर दिए गए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने के लिए स्टेट क्राइम ब्रांच की ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में यूनिट ने बहादुरगढ़ में दो बाल मजदूर मुक्त कराए हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों किशोर उनके अभिभावकों के हवाले कर दिए गए। अभिभावकों को भी कड़ी चेतावनी दी गई है।

दरअसल, बहादुरगढ़ इलाके में बड़ी तादाद में प्रवासी मूल के लोग बसे हैं। ये अधिकांश लोग दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं। इतना ही नहीं, आर्थिक परिस्थितियों के चलते कम उम्र में इनके बच्चे भी काम पर लगा जाते हैं। अक्सर होटलों, मिठाइयों की दुकानों पर काम करते देखे जा सकते हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से इस दिशा में सख्त कार्रवाई हो रही है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट लगातार दुकानों, प्रतिष्ठानों से बच्चों को मुक्त करा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीम ने बहादुरगढ़ में दस्तक दी। यहां टिकरी बॉर्डर के नजदीक हलवाई/मिठाई की दुकान पर छापा मारा। यहां दो किशोर काम करते पाए गए। इस पर अधिकारियों ने दुकान मालिक को फटकार लगाई। एक बच्चे की उम्र करीब 14 तो दूसरे की 15 वर्ष है। मेडिकल के बाद दोनों बच्चे सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किए गए। जिसके बाद चेतावनी देते हुए उनके अभिभावकों के हवाले कर दिए गए। एएसआई वजीर सिंह का कहना है कि कहना है कि बाल मजदूरी कानूनन जुर्म है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों पर नाबालिकों से काम न कराएं।





बहादुरगढ़। बच्चों को उनके अभिभावकों के हवाले करती टीम।

## रेखाचित्र बनाकर दिया रक्तदान करने का संदेश





**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में शुक्रवार को भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रेखाचित्र बनाकर लोगों को रक्तदान करने का संदेश दिया। मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व भर में 14 जून को रक्तदान दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2004 से हुई थी। रेडक्रॉस सोसायटी व विश्व हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने मिलकर इस दिन को महान जीव वैज्ञानिक कार्ल लेंसटिनियर के जन्मदिन को रक्तदान दिवस के रूप में मनाने की मान्यता प्रदान की थी, उन्होंने विश्व को ब्लड ग्रुप की खोज से अवगत कराया था। इस मौके पर राधेश्याम कौशिक, देवीदत्त शर्मा, सुभाष शर्मा, बोली देवी, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा आदि ने रक्तदान करने व अन्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरुक करने का संकल्प लिया।

## गांगटान गांव पहुंचने पर किया लेफ्टिनेंट ध्रुव का स्वागत

- तैराकी में भी ध्रुव नेशनल लेवल का खिलाड़ी रह चुका

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव गांगटान निवासी ध्रुव अहलावत का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। चयन के बाद धुरव जब पैतृक गांव गांगटान पहुंचा तो परिजनों व ग्रामवासियों द्वारा उसका स्वागत किया गया। अहलावत -27 के प्रधान जय सिंह अहलावत व ग्राम सरपंच दलबीर सिंह ने उसे पुष्पगुच्छ भेंट कर मन लगाकर देश सेवा करने का आशीर्वाद दिया। दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत ध्रुव के पिता संदीप अहलावत ने बताया कि उसकी इस उपलब्धि पर जहां पूरे गांव में खुशी की लहर है। ध्रुव ने बारहवीं तक की शिक्षा जहां दिल्ली के पुलिस पब्लिक स्कूल से की वहीं सीडीएस की परीक्षा पास कर इंडियन मिलिट्री एकेडमी ज्वाइन की। वह तैराकी में भी नेशनल लेवल का खिलाड़ी रह चुका है।



झज्जर। लेफ्टिनेंट ध्रुव अहलावत को आशीर्वाद देते हुए परिजन एवं ग्रामीण।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया

- ट्रैफिक नियम अपनाएं, नशे को दूर भगाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

शुक्रवार को यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया। शहर के ब्रहमशक्ति संजीवनी अस्पताल में हुए कार्यक्रम में आमजन को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया और यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि किसी प्रकार का नशा न करें। उन्होंने नशा मुक्ति के साथ ही पुनर्वास के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। यातायात पुलिस समन्वयक सत्यप्रकाश और आरएसओ सतीश शर्मा ने नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। एसआई देवेंद्र हुड्डा ने भी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और यातायात नियमों की जानकारी दी।





बहादुरगढ़। नशे से दूर रहने का आह्वान करती यातायात पुलिस व स्वयंसेविकाएं।

## रामअवतार गहलावत को मिला सम्मान

- रक्तदान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

विश्व रक्तदाता दिवस पर एसडी कॉलेज अंबाला में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं रक्तदान मुहिम से जुडे. युवा रामअवतार गहलावत उर्फ दीपक को राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा राज्य स्तरीय रक्तदाता और रक्तदान क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को यह सम्मान हरियाणा रेडक्रॉस के चेयरमैन व राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय द्वारा रामअवतार गहलावत उर्फ दीपक को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें रक्तदान की इस मुहिम से जुडे. रहने के लिए प्रेरित किया। युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए राम अवतार ने कहा कि रक्तदान करने से हम तीन लोगों का जीवन बचा सकते हैं इसलिए जहां युवाओं को स्वयं रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए वहीं अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।



झज्जर। रामअवतार गहलावत उर्फ गहलावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**बहादुरगढ़** : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
**झज्जर** :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### गांव के लोगों ने सीएम विंडो में पत्र देकर लगाई गुहार

# छारा-कुलताना मार्ग का निर्माण शुरू कराने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मंजूरी मिलने के बाद भी छारा-कुलताना मार्ग निर्माण के इंतजार में है। निर्माण शुरू न होने के कारण कच्चे रास्ते से ही किसानों, ग्रामीणों को आना-जाना पड़ रहा है। अधिकारी भी कई बार दौरे कर चुके हैं लेकिन काम चालू नहीं हो पाया है। इस वजह से ग्रामीण परेशान और नाराज हैं। शुक्रवार को गांव के लोगों ने सीएम विंडो में शिकायत देकर जल्द से जल्द निर्माण शुरू कराए जाने की मांग की है।

छारा के निवासी सुनील कुमार, महेंद्र, धर्मपाल, महावीर, रमेश, श्रीकिशन, रामफल आदि का कहना है कि गांव से गांव को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत छारा से कुलताना मार्ग भी बनाना तय हुआ। इससे ग्रामीणों को खुशी महसूस हुई। अधिकारी आए तो जल्द काम शुरू होने की उम्मीद बंधी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। महीनों बीत जाने के बाद भी काम चालू नहीं हो पाया है। मार्ग की लंबाई लगभग सात किलोमीटर है और हालात ये हैं कि उबड़-खाबड़ रास्ते से लोगों को अपने खेत या एक से दूसरे गांव आना जाना पड़ रहा है। काफी लोग इससे प्रभावित हैं। बरसात होने पर स्थिति गंभीर हो जाती है। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि योजना के तहत काफी गांवों के रास्ते पक्के बन गए हैं लेकिन इस रास्ते का काम चालू नहीं हो पा रहा। अधिकारियों से भी केवल आश्वासन ही मिल रहा है। अब तो आचार संहिता भी समाप्त हो चुकी है। कुछ समय बाद बरसाती सीजन शुरू हो जाएगा।

फिर विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लग जाएगी। इसलिए जल्द से जल्द काम चालू कराए जाने की जरूरत है। सरकार, प्रशासन इस तरफ ध्यान दें और जल्द से जल्द काम चालू कराया जाए। यदि मार्ग पक्का बनकर तैयार होता है तो काफी लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उम्मीद है, हमारी इस शिकायत पर संज्ञान लिया जाएगा।



बहादुरगढ़। निर्माण के इंतजार में छारा-कुलताना मार्ग।

### सीएम करेंगे समस्याओं का समाधान

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी के अनुसार धीरे-धीरे बहादुरगढ़ समेत प्रदेश की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए सीएम नायब सैनी प्रतिबद्ध हैं। नायब राज में जनता के काम प्राथमिकता के हिसाब से होंगे। उन्होंने सीएम नायब सैनी को विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा था। शामलात जमीन पर जनहित में पार्क व धर्मशाला आदि बनवाने, लाइनपार में राजपूत सभा की धर्मशाला का निर्माण पूरा करवाने, शहर में सैनी समाज की धर्मशाला बनवाने, सेक्टर-9ए बाईपास पर बस स्टैंड के सामने फ्लाईओवर बनवाने तथा सैनीपुरा बूस्टिंग स्टेशन की क्षमता बढ़ाने का अनुरोध किया है।